सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन नैनीताल दिनांक 30 मई, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, नैनीताल में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने ग्रुप मुख्यालय नैनीताल के अधिकारियों, कर्मचारियों और कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस दौरान राज्यपाल ने परिसर में लगे रॉक क्लाइंबिंग, शिप मॉडलिंग व शूटिंग से संबंधित उपकरणों के डेमो का अवलोकन किया। शिप मॉडलिंग डेमो के संबंध में ब्रिफिंग कर रही एनसीसी नेवल यूनिट की कैडेट श्रेया बिनवाल से राज्यपाल बेहद प्रभावित हुए और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले सभी अधिकारियों व कैडेट्स को शुभकामनाएं दी और कहा कि वे अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि एनसीसी ने पिछले कई दशकों से युवाओं के बीच अनुशासन, समर्पण और देश सेवा की भावना को जीवंत रखा है। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की जिम्मेदारी इन सभी युवाओं पर ही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में एनसीसी उत्कृष्ट कार्य कर रही है और यहां के कैडेट्स का प्रशिक्षण, अनुशासन और जज्बा उच्च स्तर का है जिस पर हम सभी को गर्व है।

राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी उत्तराखण्ड द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों जिसमें स्वच्छ भारत अभियान, पुनीत सागर अभियान, जी–20 पर्यावरण के मुद्दों सहित ट्रैकिंग व खेल के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने अपनी स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि वे स्वयं 1968 में एनसीसी के कैडेट्स रहे हैं। एनसीसी के द्वारा जो प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत से कैडेट्स को तैयार किया जाता है वो अपने आप में प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड के अवसर पर उत्तराखण्ड कैडेट्स का प्रतिभाग करना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।

राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल में वाटर स्पोर्ट्स की अच्छी संभावनाएं है। इसको देखते हुए जल्द ही नैनीताल में गवर्नर्स कप सेलिंग रिगाटा प्रतियोगिता शुरु की जाएगी जिसमें एनसीसी का भी सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर एनसीसी उत्तराखण्ड के एडीजी मेजर जनरल पी.एस दहिया, कमांडेड ग्रुप मुख्यालय कोमोडोर बी.आर सिंह, राज्यपाल की धर्म पत्नी श्रीमती गुरमीत कौर सहित एनसीसी के विभिन्न यूनिट के अधिकारीगण और कैडेट्स उपस्थित रहे।

..........0..........

राजभवन सूचना परिसर, नैनीताल उत्तराखण्ड मो0–9456590619 टे0 / फै0 05942–235001–3